आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 28.12.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज नई दिल्ली स्थित बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया।
- भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने आगामी नगर निकाय चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की।
- उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर बर्फबारी हुई व मैदानी क्षेत्रों में रूक–रूक कर बारिश होने का दौर जारी।
- और..... प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

अंतिम संस्कार

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज नई दिल्ली स्थित बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इससे पहले, डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर उनके आवास से दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय लाया गया, जहां आम जनता और पार्टी कार्यकर्ता श्रद्धांजलि अर्पित कर सकें। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी समेत कई कांग्रेस नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को अंतिम श्रद्धांजलि दी। इससे पहले, उनकी अंतिम यात्रा कांग्रेस मुख्यालय से निगम बोध घाट स्थित श्मशान घाट तक गई। डॉ. सिंह के अंतिम संस्कार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और अन्य लोग मौजूद रहे। डॉ. मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर को नई दिल्ली के एम्स में निधन हो गया था।

स्थगित

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर घोषित राष्ट्रीय शोक के कारण मसूरी में आयोजित विंटरलाइन कार्निवल को स्थगित कर दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि इस शोक के दौरान किसी भी सार्वजनिक मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा।

## उम्मीदवार सूची जारी

भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने आगामी नगर निकाय चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। भाजपा ने प्रदेशभर की 39 नगर पालिका और 39 नगर पंचायतों के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। इस सूची में भाजपा ने उम्मीदवारों का चयन करते समय अनुभव और उत्साह का संतुलन बनाने का प्रयास किया है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि नगर निगम क्षेत्रों के उम्मीदवारों की सूची भी जल्द ही जारी की जाएगी, जबकि महापौर के उम्मीदवारों की घोषणा केंद्रीय नेतृत्व की मंजूरी के बाद की जाएगी। कांग्रेस पार्टी ने भी नगर निगम चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में नगर निगम, नगरपालिका और नगर पंचायतों के उम्मीदवारों का ऐलान किया गया है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी ने बताया कि इस सूची में संगठन के निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी गई है।

## राहत

राज्य निर्वाचन आयोग ने आगामी नगर निकाय चुनावों के लिए उम्मीदवारों को राहत दी है। आयोग ने निर्देश दिए हैं कि उम्मीदवारों को जमानत राशि जमा करने के लिए 27 से 30 दिसंबर तक बैंकों में चालान के माध्यम से भुगतान करना होगा। इसके साथ ही, उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए अलग बैंक खाता खोलने का निर्देश भी दिया गया है। आयोग ने यह भी बताया कि 28 और 29 दिसंबर को बैंकों में अवकाश रहने के बावजूद, भारतीय स्टेट बैंक की शाखाएं निर्वाचन कार्य के लिए खुली रहेंगी। उम्मीदवार ऑनलाइन भी अपनी जमानत राशि जमा कर सकते हैं, जिसके लिए आई.एफ.एम.एस उत्तराखंड की ई—चालान वेबसाइट का उपयोग किया जा सकता है।

## बीआईएस स्टैंडर्ड कांक्लेव

भारतीय मानक ब्यूरो ने को देहरादून में स्टैंडर्ड कांक्लेव का आयोजन किया, जिसमें मानकीकरण, कार्यस्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा और बीआईएस के डिजिटल उपकरणों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बीआईएस देहरादून शाखा के निदेशक सौरभ तिवारी ने कहा कि उद्योगों को नए मानकों के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भारत में तेईस हजार से अधिक मानक तैयार किए गए हैं, जो अन्य देशों से काफी कम हैं, और इसमें सुधार की आवश्यकता है। इस सम्मेलन में सिडकुल मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेंद्र गर्ग ने भी उद्योगों को नियमों के पालन की अहमियत बताई, जबकि बीआईएस के संयुक्त निदेशक सचिन चौधरी ने कार्यस्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा के मानकों पर प्रस्तुतीकरण दिया।

गोकशी

हरिद्वार में रानीपुर पुलिस और गोवंश स्क्वॉड की संयुक्त टीम ने सलेमपुर गांव में गोकशी की सूचना पर छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 210 किलो पशुमांस तथा गोकशी के उपकरण बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने कहा कि यह कार्रवाई गोकशी की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए की गई है, और आगे भी इस प्रकार के अपराधों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

मौसम

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर बर्फबारी हुई है। उत्तरकाशी, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चमोली, पौड़ी, नैनीताल और देहरादून के ऊंचाई वाले हिस्सों में ताजा हिमपात हुआ है। इसके अलावा, मैदानी क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में मध्यम से तेज बारिश हो रही है। बारिश और बर्फबारी के चलते राज्य में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है। मौसम विभाग ने टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा और चम्पावत को छोड़कर राज्य के दो हजार पांच सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले अन्य पर्वतीय क्षेत्रों में आज भारी बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में कहीं–कहीं गरज के साथ ओलावृष्टि की संभावना भी जताई गई है। बारिश और बर्फबारी की चेतावनी के मद्देनज़र आज बागेश्वर और चमोली जिले में कक्षा एक से बारहवीं तक के स्कूलों और आगनवाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है। हालांकि, मौसम विभाग का मानना है कि राज्य के अधिकतर हिस्सों में कल मौसम साफ बना रहेगा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज़, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

वर्दी भत्ता

प्रदेश में अधीनस्थ राजकीय कार्यालयों में कार्यरत नियमित वाहन चालकों को सरकार ने बड़ी राहत देते हुए उनका वार्षिक वर्दी भत्ता दो हजार चार सौ रूपये से बढ़ाकर तीन हजार रूपये कर दिया गया हैं वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

## शिविर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह सेवानिवृत्त ने देहरादून के गढ़ी कैंट स्थित मिलिट्री अस्पताल में पूर्व सेनिकों व उनके आश्रितों के लिए आयोजित नेत्र जांच व मोतियाबंद आपरेशन शिविर में प्रतिभाग किया। शिविर में छह सौ से अधिक मरीजों ने पंजीकरण कराया था। जिनमें से 230 से अधिक लोगों का मोतियाबिंद आपॅरेशन सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने चिकित्सकों के दल के समर्पण और विशेषज्ञता की सराहना की। उन्होंने मरीजों को मुफ्त दवाईयां और चश्में भी वितरति किए। मिलिट्री अस्पताल दिल्ली व देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह शिविर कल संपन्न हो गया।

## गणित कार्यशाला

गणित को सुगम और रूचिकर बनाने के उद्देश्य से बागेश्वर जिले में पांच दिवसीय गणित लैब अभिमुखीकरण विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्याशाला में विभिन्न स्कूलों के 50 शिक्षकों ने गणित लैब प्रदर्शनी आयोजित की। इस प्रदर्शनी में कक्षा छह से 12वीं तक के छह सौ छात्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान छात्रों ने गणित के जटिल प्रश्नों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आसानी से हल करना सीखा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य डीसी सती ने कहा कि इस कार्यशाला की सार्थकता तब सिद्ध होगी जब सभी शिक्षक इन पांच दिवसों में सीखी गई सभी गतिविधियों को अपने स्कूलों में छात्रों को सीखाएगें।

## उच्च न्यायालय

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने कूड़ा बीनने वाले लोगों और उनके बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने के मामले में राज्य सरकार से रिपोर्ट पेश करने को कहा है। न्यायालय ने सरकार को दो जनवरी तक कूड़ा बीनने वालों और उनके बच्चों के कल्याण के लिए एक ठोस योजना बनाकर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने यह भी कहा कि इन लोगों को भी आम नागरिकों की तरह सभी सरकारी सुविधाएं मिलनी चाहिए ताकि उनके बच्चों का मानसिक और बौद्धिक विकास हो सके।

## पौधरोपण

हल्द्वानी के ट्रचिंग ग्राउंड को ग्रीन बेल्ट में बदलने के उद्देश्य से मुख्य नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने पौधारोपण किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से पहले शहर की सुंदरता को बढ़ाना आवश्यक है, और इसके लिए ट्रचिंग ग्राउंड के पास बड़े पेड़ लगाए गए हैं ताकि इस क्षेत्र को हर भरा बनाया जा सके।

मुकदमे दर्ज

हरिद्वार जिले के रानीपुर कोतवाली और सिडकुल थाने में लाखों रुपये के गबन और धोखाधड़ी के दो मामले दर्ज कराए गए हैं। पुलिस ने बताया कि बैंक और प्राइवेट कंपनियों से नकदी लेकर बैंकों में जमा कराने का कार्य करने वाली एक निजी कंपनी में कार्यरत कर्मचारी ने छह लाख रुपये से अधिक की रकम का गबन किया है। जबकि दूसरे मामले में सिडकुल की एक सोसायटी में फ्लैट बुकिंग–ब्रिकी व फ्लैट में रह रहे आमजन से रखरखाव की धनराशि के हड़पने का मामला दर्ज किया गया है।